# नववर्ष 2023
## पर निदेशक (एचआर) का संदेश



प्रिय आईओसियन,

मैं कामना करता हूं कि 2023 आपके लिए सीखने और उत्कृष्टता की नई बुलंदियां छूने वाला एक उज्ज्वल और खुशहाल वर्ष हो! नए साल की शुरुआत में अपने इंडियनऑयल परिवार को बधाई देते हुए, मैं दो शब्दों का उल्लेख करने से अपने आप को चाहते हुए भी नहीं रोक सका जो सही मायनों में मेरी भावनाओं को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त करते हैं: सीखना और उत्कृष्टता। इंडियनऑयल के एक ऊर्जा सैनिक के रूप में अपने साढ़े तीन दशकों के सफर के दौरान मैंने हमेशा सीखते रहने को महत्व दिया है और हर उस व्यक्ति की सराहना की है जो सीखने के लिए हमेशा लालायित रहता है। और सीखना किसी चीज को चुनने जैसा नहीं है; यह न तो कक्षा की दीवारों में घटने वाली कोई घटना है और न ही किसी आदर्श गुरु की अनंत काल तक प्रतीक्षा करने जैसा है। हम हर परिस्थिति में और हर किसी से सीखते हैं, और उत्कृष्टता हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है। इस वर्ष और उसके बाद भी, सीखने की खुशी को अपने जीवन के हर पहलू में समा जाने दें और यही आपको दिल से हमेशा युवा और जिज्ञासु बनाए रखेगा।

2022 अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आया है, और मुझे यह बताते हुए काफी गर्व है कि मेरी इंडियनऑयल टीम ने वही किया जो वह सबसे अच्छा करती है - चुनौतियों के बावजूद सीखती रही और आगे बढ़ती रही। 2022 दुनिया के लिए घटना से भरा वर्ष रहा, हमें एक विनाशकारी महामारी से रूबरू होना पड़ा, इससे उबरने के लिए हमने न्यू नॉर्मल की रूपरेखा बनाई और एक उज्जवल सुबह की दिशा में बढ़ना शुरू किया। यह वर्ष इंडियनऑयल के इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा, साथ ही हमने दो प्रतिष्ठित उपलब्धियां भी हासिल कीं। सबसे पहले, कोविड-19 का डटकर सामना करते हुए, हमारे कारोबार का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वित्तीय वर्ष में अब तक का सबसे अधिक मुनाफा हुआ। दूसरे, हमने अपने प्रचालन को 2046 तक नेट ज़ीरो बनाने का संकल्प लिया। और टीम इंडियनऑयल के निरंतर सीखते रहने के महत्व को उजागर करने के अलावा, मैं यह कहना चाहता हूँ कि दोनों लक्ष्य हमारे सबसे पोषित मूल मूल्यों में से एक – जनून के महत्व को रेखांकित करते हैं।

उत्कृष्टता प्रदान करने का जुनून,
एक अरब मुस्कान को ऊर्जा देने का जुनून,
देश की हरित ऊर्जा को बढ़ावा देनें का जुनून !

'भारत की ऊर्जा' के मुख्य जन अधिकारी होने के नाते, मुझे यह देखकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है कि कैसे मेरा महान इंडियनऑयल परिवार देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के ऊर्जा रूपांतरण में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हुए हर बाधा को पार कर रहा है। 2023 में, हम अपनी हरित प्रतिबद्धताओं को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं, क्योंकि हम इसे 'हरित ऊर्जा के लिए कृतसंकल्प वर्ष' के रूप में मना रहे हैं। हम क्रांतिकारी स्थायी परियोजनाओं को शुरू करने और भारतीय ऊर्जा परिदृश्य को पर्यावरण के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं।

यहाँ, मैं यह जोड़ना चाहता हूँ कि हरा केवल स्थिरता का रंग नहीं है; यह प्रगति का भी प्रतीक है। और जबकि उत्कृष्टता सीखने और जुनून के स्तंभों पर टिकी है, तो असली प्रगति 'संरक्षण' से शुरू होनी चाहिए, जो कि इंडियनऑयल के मूल मूल्यों में से एक के रूप में भी स्थापित है। पिछले साल हमने इंडियनऑयल के ऊर्जा सैनिकों की देखभाल के लिए कई कर्मचारियों की पहुंच सुनिश्चित की थी, जो भारत में एक हरे-भरे कल की शुरुआत करेंगे।

सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी पहल में से एक "परामर्श" नामक कर्मचारी सहायता कार्यक्रम था, जिसे कर्मचारियों को संपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य चिंता और तनाव को कम करना; खुशी, करुणा, सहानुभूति को बढ़ाना, और उत्पादकता बढ़ाने के लिए टीम के माहौल में सुधार करके हमारे लोगों की भावनात्मक क्षमता को बढ़ाना था।

अपने 'मिशन केयर' को आगे बढ़ाते हुए, हम इंडियनऑयल केयर कार्ड को लांच करने के लिए तैयार हैं, जो अस्पताल की रेफरल प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस बना देगा। जब भी कोई कर्मचारी या उनके आश्रित चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए इंडियनऑयल-नामित अस्पताल जाएंगे, तो बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए उनकी मेडिकल आईडी स्कैन की जाएगी। यदि मेडिकल कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो नामांकित अस्पतालों में स्थापित बुनियादी ढांचा लाभार्थी के बायोमेट्रिक्स के साथ सत्यापन करेगा और भर्ती की कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगा। एक अन्य डिजिटल पहल के तहत, हम आईओसियन के दवा खरीदने के अनुभव को बदलने और कॉर्पोरेशन के लिए पर्याप्त लाभकारी ऑनलाइन फ़ार्मेसी शुरू करेंगे। इस पहल के तहत, हमने एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए पूरे भारत तक पहुंच बनाने और सामान पहुंचाने वाले तीसरे पक्ष के विक्रेताओं की पहचान की है, जहां कर्मचारी चौबीसों घंटे दवाएं खरीद सकते हैं और उन्हें अपने घर पर प्राप्त कर सकते हैं। इससे दवा बिल की प्रोसेसिंग और जाँच करने में लगने वाले समय की बचत होगी, तथा बिलिंग और भुगतान सीधे विक्रेता को किया जाएगा।

हम एक अन्य उल्लेखनीय सीएसआर पहल का भी संचालन कर रहे हैं, जो 'पहले इंडियन फिर ऑयल' के हमारे स्थापित आदर्शवाक्य के साथ भारतीयों के जीवन को बदलने के लिए इंडियनऑयल के 'संरक्षण' के वादे का विस्तार करता है। 2021 में महत्वपूर्ण संशोधनों और सीएसआर फॉर्म-2 फाइलिंग जैसे अनुपालन की शुरूआत के बाद, 2022 सीएसआर के लिए उत्कृष्ट उपलब्धियों वाला वर्ष रहा है। मेरे लिए, मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में चीतों के अंतरमहाद्वीपीय पुनर्वास की सुविधा देना सबसे संतोषजनक प्रयासों में से एक रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इंडियनऑयल चीता परिचय, पर्यावास प्रबंधन और संरक्षण, पर्यावरण विकास, स्टाफ प्रशिक्षण और पशु चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल सहित चीतों के पुनर्वास की सुविधा के हर कदम से गहराई से जुड़ा हुआ है। अब तक नेशनल पार्क में छोडे गए 8 अफ्रीकी चीतों ने पहले ही हमारे जंगलों को अपने घर के रूप में अपना लिया है और अपने आपको भारतीय पर्यावास के अनुकूल ढाल रहे हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर, हम एक व्यापक कैंसर देखभाल कार्यक्रम चला रहे हैं जिसके तहत इंडियनऑयल बारपेटा, मुजफ्फरपुर, वाराणसी, संगरूर, मुंबई और कई अन्य स्थानों के अस्पतालों में विभिन्न कैंसर देखभाल उपकरण प्रदान कर रहा है। यह गर्व की बात है कि इंडियनऑयल समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कैंसर की देखभाल को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए लगातार काम कर रहे गिने-चुने भारतीय कॉरपोरेट्स में से एक है। इसके अलावा, इंडियनऑयल ने माननीय प्रधानमंत्री के 2025 तक क्षयरोग को समाप्त करने के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए केंद्रीय क्षयरोग प्रभाग के साथ सहयोग किया है, जो 2030 के एसडीजी लक्ष्य से पांच साल पहले है। उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस तीव्र क्षयरोग उन्मूलन परियोजना के तहत, इंडियनऑयल एक किफायती डायग्नोस्टिक मशीन, ट्रूनेट, हैंडहेल्ड एक्सरे यूनिट और अन्य महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने के अलावा दूर-दराज के इलाकों में क्षयरोग डायग्नोस्टिक सेवाओं का विस्तार करेगा।

अन्य अनूठी और अभिनव परियोजनाओं में विजयवाड़ा में एक चारा बैंक और कौशल प्रशिक्षण सुविधा की स्थापना, तिरुवल्लूर में एकीकृत पॉटरी विकास और ट्रांसजेंडरों (टीएनएसओ) के लिए रिमोट आधारित प्रायोगिक प्रशिक्षण परियोजना शामिल है, जिनमें से सभी ने कई पुरस्कार और सम्मान जीते हैं। वास्तव में, इंडियनऑयल को अपने चारा बैंक और पॉटरी विकास परियोजना के लिए 9वें एआईएमए व्यवसाय उत्तरदायित्व शिखर सम्मेलन तथा परियोजना उत्कृष्टता प्रतियोगिता एवं मान्यता" का विजेता घोषित किया गया है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सीएसआर अनिवार्य कॉर्पोरेट पहल के रूप में अकेले प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकता है। सीएसआर पहल की सफलता के लिए, संगठन के भीतर एक सीएसआर संस्कृति को विकसित करने के लिए सभी आंतरिक हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर मैं सभी आईओसियनों से अनुरोध करता हूँ कि वे हमारे सामाजिक प्रयासों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनी स्थापनाओं के आसपास के क्षेत्र में सीएसआर परियोजनाओं का दौरा करें। परियोजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करके और परियोजना को बेहतर बनाकर, हम इन सीएसआर परियोजनाओं की सामाजिक यात्रा को और अधिक समृद्ध कर सकते हैं। इसके अलावा, आईएसआर (व्यक्तिगत सामाजिक उत्तरदायित्व) नीति के लॉन्च होने के साथ, इंडियनऑयल उन चुनिंदा भारतीय कंपनियों में से एक के रूप में उभरा है, जिनकी औपचारिक नीति इच्छुक कर्मचारियों को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सामाजिक कारणों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाती है। मैं प्रत्येक आईओसियन से आग्रह करता हूँ कि कम से कम एक सामाजिक हित को दिल से अपनाएं और बदलाव लाने का प्रणेता बनें!

सीखने की शक्ति पर वापस आते हुए, मुझे इस कंपनी को एक शिक्षण संगठन के रूप में विकसित करने के लिए वास्तव में अपने इंडियनऑयल परिवार को खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए बधाई देनी चाहिए। हमारी ई-शिक्षा पहल स्वाध्याय उल्लेखनीय रूप से विकसित हुई है, और हमने अगस्त 2022 में 2 मिलियन कोर्स पूरा होते हुए देखा है। हम जल्द ही स्वाध्याय 3.0 की शुरुआत के साक्षी बनेंगे, जो अधिक परस्पर-प्रभावशाली और एक बेहतर सीखने का अनुभव प्रदान करेगा। हमारे अभिज्ञान प्रयास के तहत, कर्मचारियों को उनकी जरूरतों के अनुसार सलाह देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कॉर्पोरेशन में 'मेंटरिंग मैटर्स' नामक एक सलाह अपनाने का अभियान भी शुरू किया गया है।

हमारे सीखने पर ध्यान देने को व्यापक मान्यता तब मिली जब रक्षा मंत्रालय ने रक्षा पीएसयू के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करने के लिए इंडियनऑयल से संपर्क किया। इंडियनऑयल ने राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी (एनएडीपी), अंबाझरी, नागपुर के माध्यम से रक्षा उद्योगों के लिए एक कार्यकारी विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रशिक्षण और संकाय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य आदेश प्राप्त किया। और हम पहले ही 5 बैचों को बड़ी सफलता के साथ प्रशिक्षण दे चुके हैं।

ये सभी सीखने और कल्याणकारी प्रयासों की रूपरेखा भविष्यवादी, अत्याधुनिक और व्यापक विचार-विमर्श के बाद बनाई गई है। लेकिन ये तभी कारगर हो सकते हैं जब प्रतिबद्ध व्यक्ति उनका अनुसरण करें। और ऐसा होने के लिए, कृपया आशावाद की अपार शक्ति में आस्था रखें। नोआम चॉम्स्की के शब्दों में, "आशावाद बेहतर भविष्य बनाने की रणनीति है। क्योंकि जब तक आप यह नहीं मानते कि भविष्य बेहतर हो सकता है, यह संभावना नहीं है कि आप आगे बढ़ेंगे और इसे बनाने की जिम्मेदारी लेंगे। यदि आप मानते हैं कि कोई उम्मीद नहीं है, तो आप यह गारंटी दे देते हैं कि कोई उम्मीद नहीं होगी"। इसलिए कृपया हमेशा आशावादी बने रहें और अपने सपनों के इंडियनऑयल को पोषित करने और भारत की उन्नति में योगदान देने के लिए सीखते रहें।

इससे पहले की मैं अपनी बात समाप्त करूं, मैं यह दृढ़तापूर्वक कहना चाहता हूं कि आप में से प्रत्येक, चाहे आपका पद, आयु और भूमिका कुछ भी हो, के बावजूद, आप अपने आप में एक नेता है। और, इंडियनऑयल को एक 'वैश्विक स्तर पर प्रशंसित कंपनी' के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए, हमें आपसे नेतृत्व की अपेक्षा है जो शीशे की छत और मानसिक बाधाओं को तोड़कर बाहर आए। और, हमेशा की तरह, मैं आपके अंदर के नेता को बाहर निकालने में 3ए मंत्र के अविश्वसनीय मूल्य को दोहराता हूँ।

चुस्त रहें – बदलाव को सहर्ष ग्रहण करें और प्रतिक्रिया देने में हमेशा आगे रहें। याद रखें, हर नया कार्य जोखिम भरा होता है, लेकिन कोई कार्य न करना ज्यादा जोखिम भरा होता है।

अनुकूल रहें - नए रुझानों को अपनाएं और अपने खुद के रुझानों को अभिव्यक्त करने की हिम्मत दिखाएं। और इससे भी महत्वपूर्ण बात, अपने आप को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ जोड़ें और सबसे बढ़कर, हमेशा उन मानवीय मूल्यों का समर्थन करें जिन्हें आप जानते हैं। यह आपके माता-पिता को गर्व से भर देगा।

सीखते रहें, संवदेनशील रहें, हमेशा परवाह करें, और एक नेता के रूप में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए चपलता-लचीलापन-और-तालमेल की शक्ति में विश्वास करें!

मैं अपनी पत्नी निबेदिता के साथ आपको और आपके परिवार को एक खुशहाल और समृद्ध नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूँ!

**2 जनवरी 2023**

**रंजन कुमार महापात्रा**
निदेशक (एचआर), इंडियनऑयल

IndianOil 2023 STRENGTHENING THE GREEN RESOLVE

# Director (HR)'s Message on
# New Year 2023



Dear IOCians,

I wish you a bright and happy 2023 filled with the joy of learning and exploring new frontiers of excellence! While greeting my IndianOil family at the dawn of the new year, I could not think of two words that capture my sentiments better: **Learning and Excellence**. Looking back at my three and half decades as an energy soldier of IndianOil, with every milestone, I have appreciated the innate value of nurturing a mind that is open to learning. And learning is not a selective process; it is not a phenomenon confined to the classroom walls or an eternal wait for that perfect guru. We learn in every situation and from everyone, and that is the only way to excel. This year and beyond, let the joy of learning inundate every aspect of your lives and keep you young and curious at heart always.

2022 brought several challenges in its wake, and I am quite proud to assert that my IndianOil team did what it does best - Kept learning and growing despite the challenges. 2022 was a historic year for the world as we emerged from the shadows of a ravaging pandemic and started working towards a brighter dawn, building on our New Normal learning. The year would remain unforgettable in the annals of IndianOil's history as well as we witnessed two iconic milestones. Firstly, braving the COVID-19 doldrums, our business performance was stellar, resulting in the posting of the highest-ever profits in the last Financial Year. Secondly, we embraced the goal of achieving the Net Zero Operational target by 2046. And besides highlighting the value of Team IndianOil's ascendant learning curve, let me assert that both goals underscore the importance of one of our most cherished core values - **Passion**.

Passion for delivering excellence,
Passion for energising a billion smiles,
Passion for driving the nation's green ascent!

As the Chief People's Officer of the 'Energy of India', I feel incredibly proud to see how my great IndianOil family has been rising above every odd to bolster the nation's energy security and catalyse India's energy transition. In 2023, we are taking our green commitments to the next level as we celebrate this as the **'Year of Strengthening The Green Resolve'**. And we are poised to undertake revolutionary sustainable projects and expand our eco-sensitive footprint across the Indian energy landscape.

Here, let me add that Green is not just the colour of sustainability; it also symbolises progress. And while excellence rests on the pillars of learning and passion, true progress must begin with genuine **'Care'**, which is also enshrined as one of IndianOil's core values. Last year we introduced a slew of employee outreaches to take care of IndianOil's energy soldiers who will be ushering in a green tomorrow in India.

One of the most critical employee outreach, the Employee Assistance Programme "Paramarsh", was launched to provide wholesome mental wellness support to the employees. The goal was to enhance our people's emotional resilience by reduction of anxiety and stress, increased happiness, compassion, empathy, and improved team atmosphere leading to increased productivity.

Taking our 'Mission Care' forward, we are poised to steer forward the IndianOil Care Card, which will make the hospital referral process completely paperless. Whenever an employee or their dependent visits an IndianOil-nominated hospital for medical necessities, their Medical ID will be scanned for biometric verification. If the medical card is unavailable, the infrastructure installed at the nominated hospitals will proceed with authentication and admission with the biometrics of the beneficiary. In another digital outreach, we will roll out an Online Pharmacy to transform the medicine buying experience of IOCians and bring substantial cost benefits to the Corporation. Under this initiative, we have identified third-party vendors with pan-India access and logistical reach for providing a digital platform where employees can purchase medicines around the clock and get them delivered to their doorsteps. Billing and payment shall be made to the vendor directly, saving person-hours in medicine bill processing and checking.

We have also been stewarding remarkable CSR outreaches that extend the IndianOil promise of 'Care' to transform the lives of fellow Indians with our established ethos of 'Pehle Indian Phir Oil'. After significant amendments in 2021 and the introduction of compliance like CSR form-2 filing, 2022 has been a year of outstanding achievements for CSR. ~~For me,~~ one of the most satisfying endeavours has been facilitating the Intercontinental rehabilitation of Cheetahs at Kuno National Park, Madhya Pradesh. I am happy to share that IndianOil is closely associated with every step of facilitating the rehabilitation of Cheetahs, including Cheetah Introduction, Habitat Management & Protection, Eco Development, Staff Training and Veterinary Healthcare. The 8 African Cheetahs introduced thus far have already embraced our forests as their home and are adapting well to the Indian habitat.

On the health front, we are steering a Comprehensive Cancer Care program under which IndianOil is providing various cancer care equipment at hospitals in Barpeta, Muzzafarpur, Varanasi, Sangrur, Mumbai and several other locations. It is a matter of pride that IndianOil is amongst the handful of Indian corporates working relentlessly to make cancer care more affordable and accessible for the financially constrained sections of society. Moreover, IndianOil has collaborated with Central TB Division to realise the Hon'ble Prime Minister's vision of eliminating Tuberculosis by 2025, clear five years ahead of SDG target of 2030. Under this Intensified TB Elimination Project in Uttar Pradesh and Chhattisgarh, IndianOil will introduce a cost-effective diagnostic machine, Truenat, to extend TB diagnostic services in the remotest areas besides providing handheld Xray Units and other vital support.

Other unique and innovative projects include establishing a Fodder Bank & Skill Training facility in Vijayawada, Integrated Pottery Development in Tiruvallur and Remote based pilot training project for Transgender (TNSO), all of which have won several awards and accolades. In fact, IndianOil has been adjudged winner of the 9th AIMA Business Responsibility Summit & Project Excellence Contest & Recognition" for its Fodder Bank and the Pottery Development project.

Please remember CSR cannot work effectively in isolation as obligatory corporate outreaches. For the success of CSR initiatives, synchronised efforts are required for all internal stakeholders to inculcate a CSR culture within the organisation. Let me take this opportunity to request all the IOCians to find out more about our social endeavours and visit CSR projects in the vicinity of their installations. By interacting with the beneficiaries of the projects and by adding value to the project, we can immensely enrich the social journeys of these CSR projects. Moreover, with the launch of the ISR (Individual Social Responsibility) policy, IndianOil has emerged as one of the select Indian companies with a formal policy empowering willing employees to undertake social causes in their personal capacity. I urge every IOCian to step forward and be the change-maker by taking up at least one cause close to their heart!

Coming back to the power of learning, I must also congratulate my IndianOil family for really committing themselves to the cause of nurturing this company as a learning organisation. Our e-learning initiative Swadhyaya has evolved remarkably, and we have witnessed 2 million course completion in August 2022. We shall soon witness the rollout of Swadhyaya 3.0, which will offer greater interactivity and an enhanced learning experience. Under our Abhigyan endeavour, a mentoring adoption drive called 'Mentoring Matters' has also been introduced across the Corporation to encourage employees to engage in mentoring relationships as per their needs.

A great validation of our learning focus came when the Ministry of Defence approached IndianOil to undertake a capability-building program for executives of Defence PSUs. IndianOil bagged the work order for imparting training and faculty assistance to conduct an executive development program for defence industries through the National Academy of Defence Production (NADP), Ambajhari, Nagpur. And we have already imparted training to 5 batches with great success.

All these learning and welfare endeavours are futuristic, state-of-the-art and diligently designed. But they can only be effective if committed individuals pursue them. And for that to happen, please appreciate the immense power of Optimism. In the words of Noam Chomsky, "Optimism is a strategy for making a better future. Because unless you believe that the future can be better, it's unlikely you will step up and take responsibility for making it so. If you assume that there's no hope, you guarantee that there will be no hope". So please stay optimistic always and keep learning to nurture the IndianOil of our dreams and to contribute to India's ascent.

Before concluding, let me assert that each of you, irrespective of your position in the hierarchy, age or role, is a leader in your own right. And, for IndianOil to cement its position as a 'Globally Admired Company', we need the leader in you to break through the glass ceilings and mental barriers. And, as always, let me reiterate the incredible value of the **3A mantra** in unleashing the leader in you.

**Stay Agile** - Be receptive to changes and proactive in responses. Remember, every new act is risky, but choosing not to act is riskier.

**Stay Adaptable** - Embrace new trends and dare to inspire trends of your own.

And more importantly, **Align yourself** to the national priorities and organisational goals and, above all, always champion humane values that you know would make your parents proud.

Keep Learning, Stay Passionate, Care always, and believe in the power of Agility-Adaptability-&-Alignment to excel as a leader!

My wife, Nibedita, joins me in wishing you and your families a happy and prosperous New Year!

2nd January 2023

**(Ranjan Kumar Mohapatra)**
**Director (HR)**